# REFLECTION 2020-21




**SHRI SHRI UTKARSH SAMITI**

**112, BANK COLONY INDORE**

**MOB:-9303225546**

# श्री श्री उत्कर्ष समिति इंदौर
## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन 2020-21

## पृष्ठभूमि

समाज की दयनीय एवं बिगडती स्तिथि को देखते हुए ,उनमे सबसे कमजोर वर्ग के उत्थान की महत्त्वकांक्षा ,कुछ कर गुजरने की तीव्र इच्छा और समाज के प्रति अपने कर्तव्यबोध को दृष्टिगत रखते हुए तथा इन वर्गों के सामाजिक पुनर्वास हेतु कुछ उत्साही समाज सेवी कार्यकर्ताओ ने "श्री श्री उत्कर्ष समिति" का गठन किया |

## उद्देश्य

मानसिक व सेरिब्रल पाल्सी दिव्यांगो (बौद्धिक दिवयांगजनो) के आर्थिक सामाजिक ,चिकित्सकिय एवं सम्पूर्ण पुनर्वसन के उद्देश्य से शिक्षण प्रशिक्षण ,रोजगार एवं पुनर्वास की योजनायें संचालित करना तथा दिव्यांगता निरोधक कार्यक्रम को प्रदेश स्तर पर संचालित करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है |

## पंजीयन एवं मान्य

(1) म.प्र.फर्म्स एवं संस्थान पंजीकरण अधिनियम 1973की धारा 44के अंतर्गत समिति पंजीकृत.

(2)निःशक्त व्यक्ति (सामान अवसर अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी ) अधिनियम 1995(क्रमांक 1सन 1995)के अधीन विकलांग कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु पंजीकृत |

(3) राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999के अधीन पंजीकृत |

(4)आयकर अधिनियम 1961की धारा 80-जी के अधीन मान्यता प्राप्त |

(5)सामाजिक न्याय एवम नि:शक्त जन कल्याण विभाग म.प्र.से मान्यता प्राप्त .

(6) NITI AAYOG द्वारा मान्यता प्राप्त

# प्रस्तावना

**वर्ष 2020-21 में कोरोना के प्रभाव के कारण समिति को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा परन्तु इन चुनौतियों का सामना करते हुए वर्ष भर समिति की गतिविधियां यथासंभव संचालित की गई:-**

- **परामर्श एवं मार्गदर्शन**
- **शैक्षणिक गतिविधियां**
- **समर्थ योजना का संचालन**
- **राष्ट्रीय पर्वो का आयोजन**
- **विश्व विकलांग दिवस**
- **एजुकेशनल किट वितरण कार्यक्रम**
- **अन्य गतिविधियां**
- **आभार**

## परामर्श एवं मार्गदर्शन सेवा

समिति द्वारा दिव्यांग बालक /बालिकाओ व उनके अभिभावकों की समस्याओ के समाधान हेतु उन्हें मार्गदर्शन दिया जाता है | इस इकाई द्वारा रास्ट्रीय न्यास की विभिन्न योजनाओ जैसे –निरामय स्वास्थ्य बीमा , विधिक संरक्षता प्रमाण पत्र,बहु-दिवयांग पेंशन योजना , युनीक आई डी कार्ड आदि की पूर्ण जानकारी अभिभावकों को उपलब्ध करवाई जाती है | साथ ही राज्य शासन व केंद्र शासन द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों की तथा दिव्यांग व्यक्ति को उपलब्ध होने वाली सुविधाओ की यथा संभव जानकारी उपलब्ध करायी जाती है |



## शैक्षणिक गतिविधियाँ

समिति द्वारा मंदबुद्धि व सेरिब्रल पाल्सी बालक/बालिकाओ के लिए भारत शासन की दीनदयाल उपध्याय पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत विशेष विद्यालय का संचालन किया जाता है | परन्तु कोरोना की परिस्तिथि के कारण विशेष विद्यालय में इस सत्र में शासन द्वारा विद्यालय संचालित करने की अनुमति नहीं थी अतः विशेष शिक्षक के द्वारा कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया गया तथा विशेष विद्यालय के छात्रो को ON- LINE एवं टेलीफोनिक माध्यम से सिखाने एवं परामर्श का प्रयास किया गया . यहाँ विशेषज्ञों के सहयोग स डेलीरूटीन ,स्पीच थैरेपी ,एक्काग्रता थेरेपी ,फिजियोथैरेपी ,के साथ-साथ N.I.M.H सिकंदराबाद (National Institute of Mental Handicap) द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ON LINE परामर्श दिया गया .जिसमे अभिभावकों को भी सम्मिलित किया गया ताकि वे बालको को अन्य समय में शिक्षा दे सके .समय समय पर 4-5 अभिभावकों को विद्यालय आकर शिक्षको से समस्याओं का समाधान करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई .

# समर्थ सेंटर

**मंदबुद्धि,सेरिब्रल पाल्सी ,ऑटिज्म व बहुविकलांगता से ग्रस्त दिव्यांगजनों के लिए सन 2002 से राष्ट्रीय न्यास के सहयोग से समिति द्वारा उत्कर्ष छात्रावास का संचालन किया जा रहा है| यहाँ आवास के साथ साथ भोजन ,शिक्षण ,प्रशिक्षण ,फिजियोथेरेपी की व्यवस्था भी उपलब्ध है |इस वर्ष राष्ट्रीय न्यास द्वारा समर्थ योजना को अनुदान प्राप्त हुआ | इसमें कोरोना काल में शासन द्वारा छात्रावास बंद करने के आदेश दिए गए थे इसलिए केवल 2 ORPHAN लाभार्थी छात्रावास में निवासरत रहे जिनका पुनर्वसन कोरोना GUIDLINE का पालन करते हुए किया गया .तथा छात्रावास के अन्य छात्रों को on –line एवं टेलीफोनिक माध्यम से सिखाने एवं परामर्श का प्रयास किया गया**















# सामग्री वितरण

**इस कोरोना काल में सबसे बड़ी चुनौती रही जो बच्चे स्कूल एवं छात्रावास बंद होने के कारण घर पर संस्था की गतिविधियों का पूरी तरह से लाभ नहीं ले पा रहे थे उनकी इस समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा छात्रावास के BPL लाभार्थीयो को समय समय पर किराना सामग्री का वितरण किया गया जिससे उनके परिवार में कोरोना महामारी के कारण जो आर्थिक स्तिथि खराब हुई हैं उसका प्रभाव कुछ कम हो सके .**









## राष्ट्रीय पर्वो का आयोजन

### 1. स्वतंत्रता दिवस समारोह :-

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वंत्रता दिवस समारोह कोरोना guideline का पालन करते हुए सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया इस समारोह में परमार्थं समूह के कार्यकर्ताओ ने अपनी सहभगिता प्रदान की इस अवसर पर संस्था परिसर में ही ध्वजारोहण समारोह सम्पन्न किया गया तथा बच्चो को पुरूस्कार भी बाटे गए कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण भी किया गया .







2. गणतंत्र दिवस समारोह :-

प्रति वर्षा नुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूम धाम से कोविड नियमो का पालन करते हुए समाज के गणमान्य नागरिको के साथ  मनाया गया ,चुकी इस समय कोरोना महामारी की तीव्रता में काफी कमी आ गई थी इसलिए इस समारोह में दिवयांग बच्चो का कार्यक्रम में समावेश किया गया , इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह “प्रस्थानम समूह “के सहयोग तथा भागीदारी से सम्पन्न हुआ .






# विश्व विकलांग दिवस

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी संस्था में विश्व विकलांग दिवस का आयोजन संस्था स्तर पर कोविड-19 नियमो का पालन करते हुए सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया इस अवसर पर संस्था के लाभार्थियों के द्वारा विभिन्न खेल खेले गए तथा गतिविधियों का आनंद लिया गया





# मानसिक विकलांग दिवस

इस वर्ष विश्व मानसिक विकलांग दिवस बेहद अनोखे तरीके से संस्था में मनाया गया इस वर्ष का यह दिवस पर एक बहुदिव्यांग श्रीमान अशोक सालुंके के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आया इस दिन अशोक सालुंके को अपने जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई , श्री श्री उत्कर्ष समिति द्वारा लायनेस क्लब एवं अन्य दानदाताओ के सहयोग से अशोक सालुंके को सब्जी का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए सहायता प्रदान की गई इस व्यवसाय का शुभारम्भ माननीय संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग इंदौर की श्रीमती सुचिता बेक तिर्की मैडम के करकमलो द्वारा किया गया . इस समय अशोक को ठेला , टोकनिया,वजन करने की मशीन ,माइक व् सब्जियां उपलब्ध करवाई गई




श्री श्री उत्कर्ष समिति इन्दौर






श्री श्री उत्कर्ष समिति इन्दौर


श्री श्री उत्कर्ष समिति इन्दौर



# एजुकेशनल किट वितरण कार्यक्रम

इस वर्ष संस्था में राष्ट्रीय बहुदिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान सिकंदराबाद के प्रतिनिधियों के द्वारा संस्था के चयनित दिव्यांग जन को शैक्षणिक किट का वितरण किया गया तथा इन शैक्षणिक किट का प्रयोग करने की जानकारी अभिभावकों को दी गई उक्त संस्थान के प्रतिनिधियों के द्वारा इस शैक्षणिक किट की महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं इस किट का उपयोग करने की संपूर्ण जानकारी दी गई.









**अन्य गतिविधियां**

**संस्था द्वारा इस महामारी के दौर में अन्य गतिविधियों का भी सञ्चालन किया गया**

**संस्था द्वारा राष्ट्रीय न्यास के द्वारा बनाये जा रहे निरामय स्वास्थ्य बिमा कार्ड का नवीनीकरण तथा नए कार्ड का रजिस्ट्रेशन भी किया गया इसके अलावा समय समय पर दिव्यांग जन के अभिभावकों की दिव्यांग जन की समस्याओं को लेकर counseling भी की गई तथा दिव्यांग जन हेतु प्रमाण पत्र और यूनिक आई डी के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई तथा बहुदिव्यांग पेंशन योजना के बारे में अभिभावकों को जागरूक किया गया**

# आभार

समिति राष्ट्रीय न्यास, जिंदल ट्रस्ट,भारत शासन, म.प्र.शासन ,नाथ मंदिर ट्रस्ट ,मोगारिया प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड एवं अपने  अन्य दानदाताओ, ऋणदाताओ एवं सहयोगियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करती है, हमारे मानदेय कर्मचारियों, अधिकारियो एवं समिति के सदस्यों के भी हम आभारी है जिनके अथक परिश्रम व सहयोग से हम अपनी गतिविधियों का सफल संचालन कर सके .

*अध्यक्ष/सचिव*